प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

15 सितंबर 2023

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी सांख्यिकी की विवरण पुस्तिका (हैंडबुक) 2022-23 जारी की

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज "भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी सांख्यिकी की विवरण पुस्तिका, 2022-23" (एचबीएस) शीर्षक से अपना वार्षिक प्रकाशन जारी किया। यह प्रकाशन, शृंखला में 25वां, भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित मुख्य आर्थिक और वित्तीय संकेतकों पर समय शृंखला डाटा प्रसारित करता है।

वर्तमान अंक में राष्ट्रीय आय समुच्चय, उत्पादन, मूल्य, मुद्रा, बैंकिंग, वित्तीय बाज़ार, सार्वजनिक वित्त, विदेशी व्यापार और भुगतान संतुलन के साथ-साथ चुनिंदा सामाजिक-आर्थिक संकेतकों से संबंधित समष्टि आर्थिक और वित्तीय परिवर्ती को शामिल करने वाली 240 सांख्यिकीय तालिकाएं शामिल हैं। इन परिवर्तियों की दीर्घावधि-शृंखलाएँ, भारतीय रिज़र्व बैंक के नेक्स्ट जेनरेशन डाटा वेयरहाउस 'केंद्रीकृत सूचना प्रबंधन प्रणाली (सीआईएमएस) - डीबीआईई पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in) पर भी उपलब्ध है जहाँ सभी आंकड़ा शृंखलाएँ समय-समय पर अद्यतन की जाती हैं।

एचबीएस पर प्रतिक्रिया/ टिप्पणियों का स्वागत है और इन्हें, (i) सीआईएमएस डीबीआईई पोर्टल (https://dbie.rbi.org.in) पर उपलब्ध फीडबैक बटन के माध्यम से; या (ii) पर ईमेल द्वारा; या (iii) निदेशक, आंकड़ा प्रबंध और प्रसार प्रभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, सी-9, तीसरी मंजिल, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई 400 051 को भेजी जा सकती हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/929